आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 12.06.2025 समय : 18.30 पीएम

- अहमदाबाद से 242 यात्रियों को लंदन ले जा रहा एयर इंडिया का यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त–राहत और बचाव कार्य जारी।
- राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया–विश्व के कई देशों से भी शोक संदेश।
- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियां ज़ोरों पर–देशभर में योगाभ्यास के एक लाख आयोजन एक साथ होंगे।
- प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का दौर बरकरार–सरहदी जिलों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित।

000

एयर इंडिया का अहमदाबाद से लंदन जा रहा यात्री विमान बोइंग 787 आज अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अनुसार विमान टेकऑफ के महज कुछ मिनटों में ही रिहायशी इलाके पर गिर गया। विमान में 242 लोग सवार थे। इनमें 2 पायलट और 10 केबिन क्रू शामिल थे।
एयर इंडिया की विज्ञप्ति में बताया गया कि विमान में सवार यात्रियों में 61 विदेशी नागरिक थे। इनमें 53 ब्रिटिश नागरिक, 7 पुर्तगाली और एक कनाडा का नागरिक शामिल है। एयर इंडिया ने हादसे पर कहा कि वह दुर्घटना की जांच के लिए एजेंसियों का सहयोग करेगी।

दुर्घटना के शिकार लोगों की जानकारी देने के लिए विमान कम्पनी ने हॉट लाइन नम्बर 1800 5691 444 जारी किया हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भी परिचालन नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। जिसका नंबर 011–24610843 और 96503–91859 है। मंत्रालय ने कहा है कि वह सभी प्रभावितों के लिए त्वरित कार्रवाई और पूर्ण सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रियों की पूछताछ और सहायता के लिए अहमदाबाद हवाई अड्डे पर हेल्पलाइन नंबर 99741–11327 स्थापित किया गया है। हादसे में घायल लोगों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच, एनडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की टीमें राहत बचाव कार्य में लगी हुई हैं। दूसरी ओर सभी एजेंसियां हादसे के कारणों की तहकीकात में जुट गई हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से हादसे की जानकारी ली। श्री मोदी ने गृहमंत्री और नागरिक उड्डयन मंत्री को प्रभावित लोगों तक हर संभव सहायता तुरंत मुहैया कराने के निर्देश दिये।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर हादसे को हृदय विदारक बताया है। श्री मोदी ने कहा कि वे प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हैं। श्री मोदी ने कहा कि दुख की इस घड़ी में, उनकी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। एयर इंडिया के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने विमान हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मुख्य ध्यान प्रभावित लोगों और उनके परिवारों की सहायता करने पर है। चेयरमैन ने कहा कि एक आपातकालीन केंद्र सक्रिय कर दिया गया है और इससे जुड़ी जानकारी के लिए सहायता टीम भी गठित की गई है। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया घटनास्थल पर प्रभावित लोगों को सभी आवश्यक सहायता और देखभाल के लिए अपनी पूरी शक्ति से काम कर रहा है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने एयर इंडिया दुर्घटना पर गहरा शोक जताते हुए ईश्वर से मृतकों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए हादसे के शिकार लोगों के प्रति संवेदना जताई है। दुनियाभर से भी एयर इंडिया हादसे के बाद अंतर्राष्ट्रीय नेताओं की प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस दुख की घडी में उनकी संवेदनाएं यात्रियों और उनके परिवारों के साथ हैं। रूस के

राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एल्बनीज़ ने भी इस हादसे पर संवेदना प्रकट की है।

अहमदाबाद विमान हादसे के बाद देशभर में शोक की लहर है। भारतीय जनता पार्टी ने आज प्रदेश में आयोजित होने वाले अपने कई कार्यक्रम रद्द कर दिये।

000

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित कृषि संकल्प अभियान जमीनी स्तर पर किसानों की समस्याओं और चुनौतियों को समझने में मदद करेगा। अभियान के समापन के अवसर पर गुजरात के बारडोली में किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने भारत के कृषि पुनर्जागरण के लिए केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी रोडमैप को रेखांकित किया। श्री चौहान ने कृषि को बदलने के लिए केंद्र सरकार की छह–स्तंभ रणनीति पर चर्चा करते हुए भारत को आत्मनिर्भर और वैश्विक फूड बास्केट बनाने के केंद्र के संकल्प को दोहराया।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष यू.आर. साहू ने आज अपना कार्यभार ग्रहण किया। आयोग कार्यालय पहुंचने पर श्री साहू का अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वागत किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री साहू ने कहा कि आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में गोपनीयता को और बढाया जाएगा तथा युवाओं के भरोसे को बरकरार रखने के प्रयास किये जाएंगे।

000

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देशभर में एक साथ, एक लाख से अधिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ये कार्यक्रम सुबह साढे छह बजे से सात बजकर चालीस मिनट यानि 1 घंटा 10 मिनट तक सामान्य योग प्रोटोकॉल पर आधारित रहेंगे। योग दिवस की इस वर्ष की थीम ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य'' रखी गई है। आज आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि मुख्य कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योग संगम की मेजबानी के लिए देशभर से 65 हजार से अधिक संगठनों ने पंजीकरण कराया है।

11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय आयोजन जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में रखा जाएगा। प्रदेशभर के करीब 400 प्रमुख धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक महत्व की इमारतों और पर्यटन स्थलों पर भी सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर भी योगाभ्यास के कार्यक्रम रखे गये हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवसियों से अधिक से अधिक संख्या में योग दिवस के आयोजनों में भागीदारी निभाने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री और आयुष मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने भी विभागीय अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा है। सरकार ने जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर को इस साल के योग दिवस का ब्रांड एम्बेसडर बनाया है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आकाशवाणी जयपुर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से संदेश श्रृंखला चलाई जा रही है। इसमें आज सुनिये जोधपुर के डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के सह–आचार्य डॉ. चंद्रभान शर्मा के विचार।

000

प्रदेश में प्रचंड गर्मी और लू का दौर बना हुआ है। सरहदी जिलों में बढते पारे ने लोगों की दिनचर्या अस्त–व्यस्त कर दी है। बीते 24 घंटों में श्रीगंगानगर सबसे गर्म शहर रहा, जहां दिन का तापमान 47 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां पड़ रही भीषण गर्मी से जिलेवासी घर में कैद होने को मजबूर हो गये हैं। दिन चढ़ने के साथ ही तापमान में बढोतरी के साथ ही आमजन के साथ ही पशु–पक्षी भी व्याकुल दिखाई दे रहे हैं।

मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश के पश्चिमी भाग में ऊपरी वायु चक्रवात संचरण क्षेत्र बना हुआ है। विभाग ने बीकानेर संभाग के लिए कल भी रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, झुंझुनूं, जैसलमेर और बाड़मेर जिलों में लू के चलते ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार रातें भी बेहद गर्म दर्ज हो रही हैं। विभाग ने लोगों को दिन में बाहर निकलते समय सतर्कता बरतने और पर्याप्त पेय पदार्थ का उपयोग करने की सलाह दी है।

000